राजस्थान सरकार

आयुक्तालय, कालेज शिक्षा, राजस्थान, जयपुर

Block-4, RKS Sankul, JLN Road, Jaipur- 302015, Rajasthan

Website: http://hte.rajasthan.gov.in/dept/dce/ e-mail: innovation.cceraj@gmail.com Ph.: 0141-2706847 (O);

पत्रांक : CCE/ISDC/MoU/2021/ Spl./83; दिनांक : 16 July 2021

प्राचार्य एवं संकाय सदस्यगण,
समस्त राजकीय एवं निजी महाविद्यालय,
राजस्थान।

जनस्वास्थ जागरुकता कार्यक्रम

विषय : ऊषा संस्थान द्वारा आयोजित 5 दिवसीय स्वास्थ्य चेतना प्रशिक्षण कार्यक्रम के संबंध में।

सन्दर्भ : ऊषा संस्थान जयपुर का पत्र दिनांक 01 जून 2021 के कम में।

लेख है कि हाल ही में कोरोना की दूसरी लहर ने जिस तरह सामजिक, आर्थिक एवं स्वास्थ पक्षों को जिस प्रकार प्रतिकूल प्रभावित किया है, उसकी पीडा से सब परिचित हैं। इसी संबंध में विद्यार्थियों सहित महाविद्यालय शिक्षा सेवा परिवार के सभी सदस्यों के स्वास्थ्य के प्रति चिन्ता और सभी को जागरुक बनाने के उद्देश्य से ऊषा संस्थान एवं मानव निर्माण संस्थान जयपुर द्वारा एक संयुक्त अनुरोध विभाग से किया है, जिसमें समस्त राजकीय एवं निजी महाविद्यालयों के विद्यार्थियों एवं शिक्षकों के लिये जनस्वास्थ जागरुकता कार्यक्रम आयोजित करवाने का प्रस्ताव है। इस कार्यक्रम के अन्तर्गत 05 दिवसीय, प्रतिदिन मध्यान्ह 12 बजे से अपरान्ह 1.30 बजे तक, पूर्णतः निःशुल्क स्वास्थ्य प्रशिक्षण कार्यक्रम दिनांक 21 जुलाई 2021 से आरम्भ करवाया जायेगा। संस्थाओं ने इस कार्यक्रम में समस्त राजकीय एवं निजी महाविद्यालयों के विद्यार्थियों सहित महाविद्यालयी शिक्षक साथियों की इस कार्यक्रम में स्वयं सहभागियों एवं सहभागियों के माध्यम से आसपास के वातावरण तक स्वास्थ जानकारी पहुंचाने के उद्देश्य से अधिकाधिक सहभागिता अपेक्षित की है। इसमें सामान्य स्वास्थ्य जानकारी के साथ साथ आयुष चिकित्सा, विशेषतः होम्योपैथी चिकित्सा पद्धति केन्द्रित सत्र आयोजित किये जायेंगे।

अतः उक्त सेवा उद्देश्य को ध्यान में रखते हुए सभी राजकीय एवं निजी महाविद्यालयों के प्राचार्यों/संस्था प्रधानों, शिक्षक साथियों को सूचित किया जाता है कि आप सभी स्वैच्छिक आधार पर अधिकाधिक संख्या में इस जनस्वास्थ जागरुकता कार्यक्रम में सहभागिता सुनिश्चित करें। साथ ही सभी राजकीय एवं निजी महाविद्यालयी संस्थाएं अपने अपने विद्यार्थियों को इस कार्यक्रम में भाग लेने के लिये सूचित/प्रोत्साहित करें। इस सूचना को अधिकाधिक विद्यार्थियों तक पहुंचायें।

इस कार्यक्रम में सहभागिता के लिये सभी इच्छुक सहभागी निम्नलिखित लिंक पर उपलब्ध Google Form के माध्यम से रजिस्ट्रेशन करें। सभी इच्छुक सहभागियों के लिये रजिस्ट्रेशन अनिवार्य है। रजिस्ट्रेशन पूर्णतः निःशुल्क है।

https://bit.ly/3x14lae

इस कार्यक्रम के संबंध में किसी भी प्रकार की जानकारी, मार्गदर्शन अथवा रजिस्ट्रेशन संबंधी समस्या के लिये इन आयोजक संस्थानों के निम्नलिखित प्रतिनिधियों से सम्पर्क किया जा सकता है –

1. डा. प्रमोद पॉल मानव कल्याण संस्था 9828014018
2. श्री प्रदीप कुमार बोरड ऊषा संस्था 9414016107

बी. एल. गोयल, RAS
अतिरिक्त आयुक्त
कॉलेज शिक्षा राजस्थान

पत्रांक: CCE/ISDC/MoU/2021/ Spl./83; दिनांक : 16 July 2021

प्रतिलिपी सूचनार्थ :

1. निजी सचिव, आयुक्त, कॉलेज शिक्षा, राजस्थान, जयपुर।
2. समस्त संयुक्त निदेशक, आयुक्तालय कॉलेज शिक्षा, राजस्थान।
3. समस्त अध्यक्ष एवं प्राचार्य, DRAC, कॉलजे शिक्षा राजस्थान को योजना के अधिकाधिक प्रचार प्रसार हेतु।
4. प्रभारी अधिकारी / सह प्रभारी, नवाचार एंव कौशल विकास कार्यक्रम, आकाशि को समन्वय हेतु।
5. अध्यक्ष / सचिव, ऊषा / मानव कल्याण संस्था, जयपुर को आगामी कार्यवाही सुनिश्चित करने हेतु।
6. समस्त सहायक निदेशक, क्षेत्रीय कार्यालय, कॉलेज शिक्षा, राजस्थान।
7. समस्त प्रभारी अधिकारी, महाविद्यालय समूह, आयुक्तालय कॉलेज शिक्षा, राजस्थान।
8. प्रभारी आई.टी. आकाशि को अपलोड / ई–मेल करने हेतु।
9. रक्षित पत्रावली।

अतिरिक्त आयुक्त
कॉलेज शिक्षा राजस्थान